तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 नव निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों का...





12 नवोदय में चयनित छात्र के सम्मान में मनाया उत्सव




## खबर संक्षेप



### बीएलओ कार्य से पृथक करने सौंपा ज्ञापन

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ विकासखंड दुर्गूकोंदल द्वारा शिक्षकों को बीएलओ कार्य से पृथक करने तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है। शैक्षिक समन्वयक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गूकोंदल में 55 एकल शिक्षकीय शाला एवं 2 शिक्षक विहीन शालाएं है। बीएलओ कार्य सौंपे जाने से शिक्षकीय कार्य प्रभावित हो रहा है। हमारी माँग है कि हम शिक्षकों को बीलओ कार्य से पृथ्क रखा जाएं। संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवक ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत ग्राम बांगाबारी निवासी 35 वर्षीय प्रताप सिंह नेताम ने 26 मार्च को सुबह 5 बजें आत्महत्या कर लिया। बांगाबारी निवासी 55 वर्षीय सियाराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जंगल की ओर महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है।

### मौत के तीन प्रकरणों में चार-चार लाख मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा सर्प काटने, तालाब और नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने के तीन प्रकरण तहसील दुर्गूकोंदल के कोण्डे निवासी 30 वर्षीय राजेन्द्र तारम की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मानबाई तारम को चार लाख, भानुप्रतापपुर तहसील के कन्हारगांव निवासी 67 वर्षीय सुक्को बाई की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परमेश्वर गोटा को चार लाख तथा सरोना तहसील के घोटियावाही निवासी 49 वर्षीय आसिन बाई मंडावी की मृत्यु नदी में डूबने से हो जाने पर उनके आश्रित श्रवण कुमार और सरोज बाई को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### पंजीयन और नवीनीकरण शिविर पंचायतों में लगेंगे

**कांकेर।** श्रम विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर नवीनीकरण एवं पंजीयन के लिए शिविर शुरू किए गए है जिसके तहत 28 मार्च को कनेचूर, 01 अप्रैल को इन्द्रप्रस्थ, 02 अप्रैल को चनार, 03 अप्रैल को कोड़ेजुंगा, 04 अप्रैल को माहुद, 07 अप्रैल को जाताबाड़ा, 08 अप्रैल को मेड़ो, 09 अप्रैल को सुरेवाही, 11 अप्रैल को वनश्रीनगर, 15 अप्रैल को मुड़पार, 16 अप्रैल को ईच्छापुर, 17 अप्रैल को भिरौद, 21 अप्रैल को कराठी, 22 अप्रैल को कोदापाखा, 23 अप्रैल को बड़ेजैतपुर, 24 अप्रैल को उदयपुर, 25 अप्रैल को उमरादाह, 28 अप्रैल को कुलगांव एवं 29 अप्रैल को गिरहोला पंचायत में शिविर लगाकर पंजीयन एवं नवीनीकरण की किया जाएगा।

### वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 को बैकों को रात तक खोलने के निर्देश

**कांकेर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम कार्य दिवस 31 मार्च की रात्रि 12 बजे तक सभी शासकीय बैंकों को खोले रखने के निर्देश कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने दिए हैं। उन्होंने सभी बैंकों को शासकीय प्राप्तियों और भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो। इसके लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के सभी शासकीय व्यावसायिक लेनदेन वाली बैंक शाखाओं को खुला रखें, ताकि समस्त रोकड़ तथा अदायगी लेनदेन की प्रक्रिया किया जा सके। कलेक्टर ने शेष पेज 10 पर

---

दुस्साहस : गोविंदपुर में बुधवार दो बाइकर्स की मौत और तीसरे की हालत गंभीर

# हेलमेट को ठेंगा दिखा युवा बाइकर्स की खतरनाक रफ्तार, राहगीरों में दहशत पर कठोर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- युवा से ज्यादा माँ व पिता हैं जिम्मेदार
- हेलमेट के बिना बाइक को तेज रफ्तार से दौड़ा रहे दो बाइकर्स की मौत

शहर और शहर से सटे आसपास के गाँव में 18 से 22 साल के युवा हेलमेट के बिना बाईक को तेज रफ्तार से दौड़ाते हुए कभी भी नजर आ सकते है। ऐसे बच्चों के पालक भी बिना हेलमेट के बच्चों को दो पहिया वाहन भी दे देते है। हादसे में जब जान चली जाती है, तब यह मुद्दा उठता है। इसके लिए शहर का कोई भी वर्ग चितिंत नजर नहीं आता है। तेज रफ्तार से बाईक दौड़ाने वाले बाईकर्स को कांकेर शहर में रोकने और टोकने की प्रकिया रूक गई है, उसी का प्रभाव है कि यह घटनाएं हो रही है। गोविंदपुर में बुधवार 26 मार्च को मोटर सायकल डिवाईडर से टकराती है, जिसमें तीन युवक सवार थे। यह तीनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे और मोटर सायकल की रफ्तार भी तेज थी। मोटर सायकल चालक तेज रफ्तार मोटर सायकल को मोड़ पर संभाल नहीं पाया और अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई, जिसमें दो युवकों की जान चली गई और एक गंभीर है। पुलिस ने बताया कि शहर से सटे ग्राम भीरावाही के तीन युवक निखिल भगत पिता रघुवीर, नरेंद्र निषाद पिता रामरतन और भावेश जैन नई बाइक से कांकेर शहर आए थे। तीनों युवक शहर के घड़ी चौक से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे और गोविंदपुर टर्निंग के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से निखिल भगत व नरेंद्र निषाद को डाक्टरों ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। भावेश जैन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। भीरवाही के लोगों ने बताया कि बाइक पल्सर आरएस एकदम नई थी और एक ही किश्त पटी है। चालक पल्सर की रफ्तार को समझ नहीं पाया और यह हादसा हो गया। यह हादसा बता रहा है कि अब शहर के लोगों को सचेत होने की जरूरत है। युवक शहर की सड़को पर जिस ढंग से दो पहिया वाहनों को दौड़ा रहे है, उससे उनका तो नुकसान होना तय है, उससे ज्यादा सड़क पर चलने वालों का नुकसान हो सकता है। यह नजारा सुबह, दोपहर और शाम को शहर की सड़को पर देखा जा सकता है।



गोविंदुपर में बाईक डिवाईडर से टकराकर घर के रेलिंग पर

### यातायात पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

यातायात प्रभारी दीपक साव ने कहा कि गोविंदपुर की घटना हृदय विदारक थी। यातयात पुलिस पालकों से व्यक्तिगत और स्कूलों में छात्रों को समझाईश दिया है कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलाना है। हमारी टीम कड़ी कार्यवाही करती है, तो पालक ही बचाने के लिए आ जाते है। गोविंदपुर की घटना के बाद से 27 मार्च गुरूवार को सायं साढ़े 5 बजे शहर व शहर के बाहर हाईवे में और शहर के अंदर कार्यवाही शुरू किया। कांकेर शहर व आउटर में 04 प्वांइट लगाकर जांच शुरू किया गया है।

### कड़ाई से करनी होगी कार्रवाई

शहर के लोग इस मामले को लेकर चिंतित है, उनका कहना है कि नियमों को ताक में रखकर दो पहिया वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही होना चाहिए। इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की जरूरत है। चेक करने के कई प्वांइट लगाए जाए, जिससे ऐसी हरकत करने वाले बच नहीं पाएं।

### जनप्रतिनिधियों के चमचों से परेशान

शहर में यह चर्चा है कि यातायात पुलिस जब कार्यवाही करती है तो जनप्रतिनिधियों के चममे फोन करके चालानी कार्यवाही में व्यवधान डालने का प्रयास करते है। कांकेर के एक जनप्रतिनिधि का एक चमचा पुलिस को हर काम में बार बार फोन करके यही कहता रहता है, कि इस पर कार्यवाही न किया जाए। रेत और लाल ईट से भरे ट्रैक्टर को चालक बिना लाइसेंस के चला रहे है, इन पर भी कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इन पर कार्यवाही करने के लिए यातायात सामने आते है, तो जनप्रतिनिधियों के चमचों का फोन आना शुरू हो जाता है। यातायात पुलिस के जनप्रतिनिधियों के चमचों से बचना होगा और कड़ी कार्यवाही करनी होगी, तभी परिणाम सकारात्मक आएगा।

## मेले से बाइक की चोरी पुलिस तालाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भानुप्रतापपुर का मेला देखने गए युवक के बाईक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। युवक ने बाईक के बारे में आसपास के लोगो से पतासाजी किया, परंतु किसी बाईक के बारे में कोई जानकारी नही मिल पाई। प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम कचवर निवासी 26 वर्षीय आदित्य कुमार कृषान पिता लक्ष्मण सिंह कृषान ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में भानुप्रतापपुर के ट्रैक्टर शोरूम मे मैकेनिक का काम करता हूं और 25 मार्च को अपने भाई मनोज कृषान के साथ भानुप्रतापपुर मेला देखने करीबन शाम 8 बजे गया मेला स्थल गया था। हाईस्कूल मैदान में अपने वाहन वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 2276 खड़ा करके मेला घूमने गया था। मेला घूमने के उपरांत मैने जहाँ पर मोटर सायकल खड़ा किया था, वहाँ पर पहुँचा। उस स्थल से मोटर सायकल गायब थी। मैने इधर उधर पतासाजी किया, परंतु मोटर सायकल के बारे में किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिली। मेरी मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत शेष पेज 10 पर



## पुलिस कल्याण संघ ने खोला मोर्चा, थाने का घेराव कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ द्वारा 27 मार्च को भानुप्रतापपुर थाना का घेराव करते हुए माँग किया है कि सांसद भोजराज नाग और भाजपा नेता टिकेश्वर जैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाए।

गुरुवार 27 मार्च को संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के सैकड़ो लोग भानुप्रतापपुर थाना पहुंचे थे और थाने को घेराव कर दिया। कई घंटे तक थाने का घेराव करने बाद प्रदर्शनकारी यही कहते रहे कि एफआईआर दर्ज नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जाएगा। विदित हो कि सांसद भोजराज नाग 9 फरवरी को किसी कार्यक्रम में शामिल होने अंतागढ़ अपने निवास से कांकेर जा रहे थे।

इसी बीच कंहारगाव के पास जाम में फंस गए थे। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख को मौके पर बुलाया और बदतमीज, वसूलीबाज, ऊंघते ऊंघते आ रहा है, जैसे अभद्र भाषाओं का प्रयोग कर थाना प्रभारी को धमकाया था। घटना का वीडियो वायरल भी हुआ। इतना ही नहीं सांसद ने थाने में एडीशनल एसपी और एसडीओपी के सामने भी जमकर थाना प्रभारी को फटकार लगाया था। इस दौरान सांसद के साथ मौजूद रहे भाजपा नेता टिकेश्वर जैन ने सभी पुलिसकर्मियो को खड़े कर थप्पड़ मारने की भी धमकी दिया था। संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के प्रमुख उज्जवल दीवान ने इस कृत्य के लिए सांसद को माफी मांगने की बात कही थी।

इसके साथ ही उनके विरुद्ध कार्यवाही करने की भी मांग किया गया था, लेकिन आज पर्यांत तक कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है, जिसके लिए थाना का घेराव कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया है। संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य किसी की नहीं सुन रहे थे, उनका कहना था कि सामान्य व्यक्ति होता तो अभी तक उसके खिलाफ अपराध दर्ज हो जाता, परंतु सांसद एवं उनके साथी नेता ने जो किया है, उनके खिलाफ अपराध दर्ज क्यों नहीं किया जा रहा है।

## भाभी की हत्या, देवर गिरफ्तार, अपराध किया कबूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

कच्चे थाना अंतर्गत से हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने जाँच में पाया कि भाभी की हत्या देवर ने ही किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और हत्या स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कच्चे तुलसी राम साहू ने घटना कि जानकारी देते हुए बताया मृतिका टेढ़ाकोंदल निवासी 35 वर्षीय मनिता उसेंडी पति स्व. सोनाराम 22 मार्च को रात में घर से गायब थी, जो सुबह 23 मार्च अपने घर पहुंची। घर से गायब रहने के बारे में भाभी से उसके देवर 40 वर्षीय गंगाराम पिता स्व. रामुराम उसेंडी ने सवाल किया कि रातभर कहा थी और हमेशा मोबाइल में भी इधर उधर बात करते रहती हो बोलकर डांट फटकार लगाया। इसी बात को लेकर दोनो के बीच कहा सुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। देवर ने अपनी भाभी से मारपीट किया, जिससे मृतिका नीचे गिर गई। आरोपी देवर ने पास में पड़े पत्थर को उसके दाहिने कनपटी पर पटक दिया और पत्थर को बाड़ी में छिपाकर वहाँ से फरार हो गया। थोड़ी देर बाद लहूलुहान मृतिका को उसके छोटे बेटे ने देखा। बच्चे ने परिवार वालो को जानकारी दिया। घायल स्थिति में मनिता उसेंडी को गाड़ी से भानुप्रतापपुर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सको ने मृतिका की स्थिति को शेष पेज 10 पर



## भाजपा कोरर मंडल कार्यसमिति की बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरर

- प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के मिला लाभ और उसके विस्तार पर चर्चा की



भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर की कार्य समिति की बैठक 27 मार्च कोरर में जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर और मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की उपस्थिति में कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक के उपरांत भाजपा समर्पित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच सहित पंचों का सम्मान किया गया। आयोजित कार्यसमिति की बैठक में इस अवसर पर जिला मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। प्रदेश की जनता ने क्षेत्र की विकास के लिए भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताते हुए डबल इंजन की सरकार पर मुहर लगाते हुए आप सभी को नवीन जिम्मेदारी दी है। आप सभी को मिले इस नवीन जिम्मेदारी को इमानदारी पुर्वक निभाते हुए अपने - अपने क्षेत्र के विकास के लिए निःस्वार्थ भाव से जुट जाएं। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है और अब जिला पंचायत, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायतों में भाजपा समर्पित सदस्य अत्यधिक संख्या में जीत कर आए है। उन्होंने सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि जो नवीन दायित्व मिला है, उसे इमानदारी से निभाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रोहित साहू ने किया। इस अवसर पर चिल्हाटी के नवनिर्वाचित सरपंच कुंवर सिंहनेम, बैजनपुरी के नवनिर्वाचित सरपंच सतीश कोरेटी, भोथा सरपंच बिसाहू राम गोटा, चिल्हाटी के उप सरपंच ईश्वर यदु, अरुण कुमार गोटी उपसरपंच भोथा, रोहित कुमार यादव उप सरपंच डोंगरगांव, भवानी प्रसाद साहू उप सरपंच कुर्री, नवनिर्वाचित पंच जागेश्वर जैन, नरोत्तम बढाई, दुर्गी बढाई, ओमनारायण सिंन्हा, माधुरी परिहार,पुनीता यादु, सुभद्रा बरला, सकून चुरेंद्र, उत्तम सिंन्हा, पुनेश चक्रधारी, राम कोमरा, गणेश बढाई, लेखराम चुरेंद्र, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद साहू जी, छबिलाल साहू, जयंतीलाल नेवरा, नरेंद्र शर्मा, पार्वती साहू, मंडल मंत्री निर्भय कोमरा, दशरथ यादव, भोजराज जैन, भुवनेश्वरी खड़हा, शेष पेज 10 पर

## निः शुल्क चिकित्सा शिविर में हुई जाँच


**दुर्गूकोदल।** रावघाट कैंप में 129 वी शौर्यचक्र वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत चिकित्सा कैंप का शुभारंभ कमांडेट संजय सिंह ने किया। चिकित्सा कैंप में डॉ. राकेश सेंचा, डॉ. सुबोध कुमार और डॉ. ओम टुंडल ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच कर ईलाज किया। चिकित्सा शिविर मे कुल 183 ग्रामीणों ने लाभ लिया। इस अवसर पर उप कमांडेंट एवं कार्यवाहक द्वितीय कमान अधिकारी दिगम्बर चौहान, कंपनी कमांडर नरेन्द्र सिंह, कोलार सरपंच हेमराज देहारी, उप सरपंच शुखधर भुई व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## आत्मानंद स्कूल कोयलीबेड़ा के छात्रों का नवोदय में चयन

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड कोयलीबेड़ा मुख्यायल में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल की पांचवी में अध्यनरत छात्रा गरिमा देंवागन और हेनी भुआर्य का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। शिक्षा सत्र के आरंभ से ही नवोदय विद्यालय चयन के लिए संकुल स्तरीय कोचिंग क्लास एबीओ अशोक टांडिया, संकुल प्राचार्य जीआर गढ़िया और संकुल समनव्यक जयंत शांडिल्य के मार्गदर्शन में शिक्षिका लीना साहू व शिक्षक कुलदीप सिन्हा द्वारा लिया जा रहा था, उसी का यह परिणाम रहा। गरिमा संकुल समनव्यक कड़में छोटेलाल देंवागन की और तथा हेनी भुआर्य शिक्षक पुनीत भुआर्य की सुपुत्री है।





सूर्य ग्रहण के दौरान मायावी ग्रह राहु-केतु का पृथ्वी पर बढ़ जाता है प्रभाव

# शनि अमावश्या पर रहेगा सूर्य ग्रहण का साया भारत में नहीं दिखाई देगा, राशियां होंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज. ▸▸ कांकेर


सनातन धर्म में अमावश्या तिथि का खास महत्व है। 29 मार्च शनिवार के दिन अमावस्या होने के चलते यह शनिश्चरी अमावस्या भी कहलाएगी। शनिश्चरी अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण भी लगने वाला है। सूर्य ग्रहण के दौरान मायावी ग्रह राहु-केतु का प्रभाव पृथ्वी पर बढ़ जाता है। इसके लिए ग्रहण के दौरान कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। खगोल विज्ञान के मुताबिक जब सूर्य और धरती के बीच चंद्रमा आ जाता है, तो चांद के पीछे सूर्य का बिंब कुछ समय के लिए पूरी तरह से ढक जाता है। इस प्रक्रिया को सूर्य ग्रहण लगना कहा जाता है। सूर्यग्रहण तीन प्रकार का होता है। चंद्रमा जब सूर्य को पूरी तरह से ढक लेता है तो इसे पूर्ण सूर्यग्रहण कहा जाता है। दूसरा जब यह सूर्य के केवल एक हिस्से को ही ढकता है, तो इसे आंशिक सूर्य ग्रहण कहते हैं और तीसरा होता है वलयाकार सूर्य ग्रहण, जिसके दौरान सूर्य का बाहरी किनारा चमकदार वलय या रिंग ऑफ फायर जैसा नजर आता है। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान तो दिन में भी अंधेरा छा जाता है। इसकी गणना एक महत्वपूर्ण घटना में की जाती है, जिसका प्रभाव देश-दुनिया, कार्य और व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। 29 मार्च 2025 को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है, यह ग्रहण दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। साल का पहला सूर्य ग्रहण मीन राशि में लग रहा है और इस दिन शनि ग्रह भी मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में सभी 12 राशियों पर इसका प्रभाव पड़ सकता है।




### भारत में नहीं दिखेगा सूर्यग्रहण

साल 2025 का पहला सूर्यग्रहण दो दिन बाद इस शनिवार को होने जा रहा है। यह एक आंशिक सूर्यग्रहण होगा, जिसे उत्तरी अमेरिका के साथ ही पश्चिमी यूरोप, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका और रूस में देखा जा सकेगा। भारत में यह नहीं दिखाई देगा, इसके साथ ही यह संभवतः सबसे खतरनाक भी होगा। पर्यवेक्षकों का कहना है कि शनिवार को लगने वाला सूर्यग्रहण आंखों के लिए खतरनाक हो सकता है।

## सेन समाज की बैठक में सेन जंयती पर होगी चर्चा



**कांकेर।** श्रीवास सेन समाज जिला की बैठक में 25 अप्रैल को सेन जयंती मनाने को लेकर कार्ययोजना तैयार किया गया और जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया गया। विकासखंड कांकेर के ग्राम कोकपुर में जिला अध्यक्ष कैलाश सेन की अध्यक्षता, जिला मिडिया प्रभारी व जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी महा संगठन जिला अध्यक्ष लोकेश्वर सेन, कांकेर परिक्षेत्र अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक, भानुप्रतापपुर ब्लाक अध्यक्ष भुनेश्वर सेन की उपस्थिति में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 25 अप्रैल को कोकपुर में सेन जंयती भव्य रुप से मनाने की योजना बनाई गई। इस आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सभी स्वजातीय बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आर्थिक व शारीरिक सहयोग लेने का निर्णय किया गया। आयोजित बैठक में रामेश्वर सेन, दयालुराम सेन, हरिशंकर सेन, अनिल कुमार सेन, भूषण कौशिक, अवध राम सेन, बसंत सेन, जागेश्वर सेन, खेमेंद्र सेन, भुनेश्वर सेन, कोमल सेन, नितेश सेन, प्रकाश सेन व अन्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## रशीद भाई को पार्षद दल ने किया नमन



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम के लिए वरिष्ठ पार्षद स्व. अब्दुल रशीद के निधन पर नगर पालिक निगम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद यशवर्धन राव ने कहा मैं अब्दुल रशीद को सुल्तान कहता था और सुल्तान की तरह जिया है। इनका जाना बहुत ही दुखद हुआ। ऐसे पार्षद विरले ही मिलते हैं। अनेक वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। इस दौरान अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,योगेंद्र पांडे, सुरेश गुप्ता,राणा घोष, निर्मल पाणिग्रही,संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, संजय विश्वकर्मा, राजेश चौधरी,हरीश पारख,पारुल बोथरा, कैलाश नाग, रोशन सिसोदिया, पितामह नायक, उमा मिश्रा, आशा साहू, कोमल सेना सहित सभापति एवं पार्षद गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## इंद्रावती को लेकर मोर्चा कोरापुट व बस्तर कलेक्टर से करेगी मुलाकात

**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा प्रमुख संयोजक नवनीत



चांद ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जीवनदायिनी इन्द्रावती को लेकर राजनीतिक रोटी सेकने वाले सत्तासीन भाजपा एवं विपक्षी पार्टी कांग्रेस की ड्रामेबाजी से बस्तर का भविष्य चौपट हो रहा है जबकि समय जलसंरक्षण व सूख रहें जीवनदायिनी इंद्रावती को बचाने की है। चांद ने कहा कि इस विषय में मुक्तिमोर्चा शीघ्र ही कोरापुट एवं बस्तर दोनों जिलो के कलेक्टर से मुलाक़ात करेगी, साथी दोनों राज्य के जल संसाधन मंत्री से भी और बस्तर हित के साथ सुख रहे इंद्रावती नदी की गरिमा व जल सरंक्षण आदि मुद्दों को लेकर मुलाकात करेगी। नवनीत ने कहा कि इंद्रावती नदी के साथ जल संरक्षण जोरानाला जल वितरण आदि मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे जरूरत पड़ा तो हम इस मुद्दों पर अपने संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे पर इंद्रावती नदी के साथ बस्तर के विकास और जल जीवन जंगल जमीन के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र पूवर्ती तक बजेगी यातायात बस सेवा की सीटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

बीते कई दशकों से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सड़क मार्ग का आभाव एवं यातायात सुविधाओं के ना होने से ग्रामीण आदिवासी यात्रीगणों को अनेक असुविधाजनक समस्याओं का सामना करना पड़ता था ज्ञात हो कि ग्रामीण नक्सल भय के वातावरण में अपने क्षेत्र गांवों में संगीनों की जिंदगी जीने को विवश होकर अपने मूलभूत सुविधाओं से लगातार वंचित हो रहे थे । राज्य शासन की योजना नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के कोण्टा विकास खंड में

नियद नेल्ला नार के नाम से लगातार विस्तार रूप ले रहा है । क्षेत्र में यातायात सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल के तहत हक्कुम मेल बस सेवा अब माओवाद प्रभावित क्षेत्र पूवर्ती तक पहुंचने लगी है। जिससे वहां के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। खासकर स्थानीय व्यापारियों और जरूरतमंद मरीजों के लिए यह बस सेवा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। जिले में हक्कुम बस सेवा का विस्तार कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में की गई । इससे ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे वे मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे और आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद् सुकमा के अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भुनेश्वरी यादव भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने बस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पार्षदगण और जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। वहीं इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी शिवभगत रावटे ने बताया कि यह बस सुकमा बस स्टैंड से दोपहर 12:40 बजे प्रस्थान करेगी और दोरनापाल, पुसवाड़ा, चिंतागुफा, चिंतलनार, जगरगुंडा और सिलगेर होते हुए शाम 5:25 बजे पूवर्ती पहुंचेगी। वापसी में बस प्रातः 5:40 बजे पूवर्ती से रवाना होकर लगभग 10:20 बजे सुकमा बस स्टैंड पहुंचेगी ।

### नियद नेल्ला नार क्षेत्रों में यातायात सुविधाओं का विस्तार



**ग्रामीणों को मिलेगा समग्र विकास**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले के दूरस्थ और माओवाद प्रभावित इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ना है। इस बस सेवा से ग्रामीणों को यात्रा की सुविधा मिलने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यापार के अवसर भी बढ़ेंगे ।

## जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना मेरा प्रथम दायित्व : देव

# सतत होंगे विकास और निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग के अनुरूप आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय भवन में पहुंच मार्ग निर्माण कार्यों एवं ग्राम आड़ावाल पंचायत के

- 190 लाख की लागत से सड़क निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन व शुभारंभ



कुसुमपाल पारा एवं अन्य स्थल एवं ग्राम पंचायत पंडरीपानी में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शुभारंभ प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया। आड़ावाल पुलिस आवासीय भवन में 1.250 किलोमीटर निर्माण कार्य लागत 74.15 लाख एवं परपा पुलिस आवासीय भवन में 1.250 किलोमीटर लागत 75.95 लाख, कुल 150 लाख की लागत से आड़ावाल, एवं परपा पुलिस आवासीय कालोनी में सड़क निर्माण कार्य, ग्राम आड़ावाल पंचायत में कुसुमपाल पारा में 400 मीटर सीसी सडक लागत राशि 11.25 लाख, छविलाल धर से सोमदेव धर तक सी सी सडक 250 मीटर लागत 8.33 लाख सीसी सडक नवीन ठाकुर धर से सुखमन धर तक 250 मीटर,लागत 8.33 लाख रुपए एवं ग्राम पंचायत पंडरीपानी मे 350 मीटर सीसी सडक लागत राशि 10.17 लाख से निर्माण किया जायेगा। वहीं कुसुमपाल में भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान गांव के एक पिता ने अपने दिव्यांग बच्चे के लिए ट्राईसाईकिल की मांग रखी जिस पर विधायक देव ने तत्काल इस विषय को गंभीरता से लेते मात्र 15 मिनट में उक्त बच्चें को बैटरी रहित ट्राई साइकिल प्रदान कराया।

इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, एमआईसी सदस्य निर्मल प्रसाद पानीगाही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मण झा,कलावती कश्यप,विद्याशरण तिवारी,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिन्दु साहू, जनपद सदस्य आश्रीति शर्मा, पार्वती शर्मा,पार्षद नेहा धुव,सरपंच आड़ावाल जंयती कश्यप, रजनीश पानीग्राही, प्रदीप देवांगन समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**जनता की मांग अनुरूप होंगी सुविधा**

विधायक देव ने कहा कि जनता के मांग की अनुरूप विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी है। आमजनों का स्नेह इसी तरह भाजपा को मिलते रहे। जनता के मांग के अनुरूप उनकी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना हमारा प्रथम दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य कर रही है। जिसके लिए हम मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव का जनता की ओर से सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## रासेयो शिविर में दी गई स्वच्छता की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम पंचायत कविआसना मे 24 से 30 मार्च तक आयोजित है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दैनिक गतिविधि के अंतर्गत 27 मार्च प्रातः 5 बजे लक्ष्य गीत के साथ प्रभात फेरी व योग व्यायाम,सूर्य नमस्कार, कपाल भारती, प्राणायाम, अनुलोम -विलोम,भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन एवं शवासन इत्यादि से दिनचर्या की शुरुआत की गई। प्रातः 8 बजे से साढ़े बजे बजे तक परियोजना कार्य (चतुर्थ दिवस) के अंतर्गत समस्त स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम कविआसना के मांझी पारा, ठाकुर बस्ती, प्राथमिक शाला परिसर एवं शिव मंदिर चौक की साफ सफाई कर स्वच्छता की जानकारी दी गई। इसका नेतृत्व महा दलनायक एवं दलनायिका क़ी अनुमति से समस्त समूहों के नेतृत्वकर्ताओ ने किया। साफ सफाई के साथ ही स्वयं सेवको द्वारा ग्रामीण सर्वे कार्यक्रम तथा ग्रामवासियो क़ी अनुमति से दीवारों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वछता एवं नैतिकता आधारित स्लोगन लेखन किया गया।

## भरत बने लोहण्डीगुड़ा सरपंच संघ के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा

बस्तर जिला के लोहंडीगुड़ा विकासखंड सरपंच संघ के पदाधिकारीयों के गठन को लेकर सर्वसहमति से ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप को सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सीताराम मांडवी एवं सचिव डोमू राम कश्यप को बनाया गया है। इसी तरह कोषाध्यक्ष फाल्गुनी मौर्य, मीडिया प्रभारी के रूप में रामबती कश्यप, सह कोषाध्यक्ष तुलाराम नाग, सह सचिव मधु बघेल को बनाया गया है। सरपंच संघ अध्यक्ष बनने के बाद भरत ने कहा कि हम सब मिलकर आपसी सामंजस्य से बेहतर ढंग से आगे बढ़ेंगे।

# जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनते हैं विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल अपने गृहगांव धरमाउर में रोजाना समस्या लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों के लिए जनता दरबार लगाते हैं। सुबह वे गांव के अपने निवास के कक्ष में एक-एक कर समस्या लेकर पहुंचे

- चित्रकोट और जगदलपुर विधानसभा के नजदीकी गांव के लोग समस्या लेकर पहुंचते हैं

लोगों से चर्चा कर उसका निदान करते हैं। बुधवार की सुबह उनके निवास में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बिजली, पानी, सड़क, पुल-पुलिया के अलावा व्यक्तिगत पुलिस और खेती-किसानी से संबंधित राजस्व मामला लेकर लोग पहुंचे थे। हरिभूमि ने विधायक को समस्या बताते ग्रामीणों को उनके निवास में सीधे संवाद करते देखा। जहां धनियालूर से पहुंचे ग्रामीण युवक-युवती के अंर्तजाति विवाह की बात पर कहा कि पुलिस वाले घर पहुंचकर परेशान कर रहे हैं। विधायक ने हंसते हुए सहजता से पूछा लड़की नाबालिग तो नहीं है, इस पर गांव की महिलाओं ने कहा कि लड़का-लड़की दोनों बालिग है। अजाक थाने के लोग परेशान कर रहे हैं।

विधायक ने अपने पीए को थानेदार को फोन लगाने को कहा। इसी तरह वे अन्य समस्याओं पर भी लोगों की विभाग से संबंधित पानी, बिजली, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य की समस्या सुन संबंधित अधिकारियों को फोन लगाकर चर्चा करने को कहते रहे और ग्रामीणों के हित में काम करने अफसर को निर्देश देते रहे।



**जनता दरबार से ग्रामीण खुश**

ग्रामीणों ने हरिभूमि से कहा कि विधायक विनायक गोयल सबसे पहले सुबह ग्रामीणों से मिलकर समस्या सुनते हैं और उसके निराकरण के लिए तुरंत पहल भी करते हैं। रोजाना वे सुबह का समय दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों के लिए रखते हैं। कुछ गांव के लोग जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के भी रहे। जबकि यह गांव चित्रकोट विधानसभा में नहीं आता है बावजूद वे समस्या सुनकर उनका भी निराकरण का प्रयास करते हैं। असल में जगदलपुर विधानसभा के कुछ गांव विधायक के गांव धनियालूर के नजदीक है। इसलिए ग्रामीण उनके पास पहुंच जाते हैं।

**जनता हमें बनाती है नेता : गोयल**

विधायक विनायक गोयल ने कहा कि जनता के आर्शीवाद से नेता बनते हैं। पहले मैं जिला पंचायत सदस्य रहा, उसके बाद विधायक बना। लोगों की समस्या सुनना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए, इसलिए मैं यदि बाहर प्रवास में नहीं हूं तो कोशिश करता हूं कि प्रतिदिन अपने निवास में रहकर जितने भी ग्रामीण आते हैं उनकी समस्या को सुनने के बाद ही कार्यक्रम में जाता हूं। इसे मैंने अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है और यहां से जाने के बाद भी शाम और देर रात तक ग्रामीणों के बीच में ही समय कटता है।

# मेकॉज में अब लेप्रोस्कोप मशीन से हो सकेंगी सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में गुरूवार को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में लेप्रोस्कोपी तकनीक से सर्जरी को लेकर विशेष प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसके तहत एक ही दिन में 5

- लेप्रोस्कापिक सर्जरी पर हुई प्रशिक्षण सह कार्यशाला



लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। कार्यशाला में मेडिकल के पीजी स्टूडेंट्स को भी सीखने का बेहतरीन अवसर भी प्राप्त हुआ। मेकाज में अब लेप्रोस्कोपी मशीन के जरिए भी सर्जिरी होगी, इसके तहत डीन डॉ. प्रदीप बेक के निर्देशन में लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अंकिता गोयल, एचओडी प्रसूति एवं स्त्री रोग डॉ. अल्पना बंसल और उनकी ने विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाएं की, जिसमें टोटल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी, लैप्रोस्कोपिक रप्चर एक्टोपिक एक्सप्लोरेशन और मायोमेक्टोमी शामिल हैं। ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ और इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला से कॉलेज के पीजी छात्रों के लिए सीखने का एक बेहतरीन अवसर था। इस अवसर पर डॉ. अंकिता गोयल, डॉ. अल्पना बंसल, डॉ. इंदु शर्मा, डॉ. अर्पिता लागू, डॉ. भवानी भगत, डॉ. सोनम, डॉ. जी पद्मावती, डॉ. मोनिका, डॉ. सुभम, डॉ. आरती, डॉ. प्रतीक्षा सहित एनेस्थीसिया टीम के डॉ. प्रताप राव, डॉ. रवि, डॉ. सुचस्मिता नाइक ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर डीन डॉ. प्रदीप बेक, सलोनी चौधरी एवं अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू भी शामिल रहे। बताया जा रहा है कि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पेट या शरीर के अंदर की समस्याओं का इलाज करने के लिए की जाने वाली एक न्यूनतम क्षति वाली सर्जरी है। इसे की-होल सर्जरी भी कहा जाता है, इसमें सर्जन पेट में छोटा सा कट लगाकर, लेप्रोस्कोप नामक एक पतली दूरबीन के जरिए ऑपरेशन करता है। लेप्रोस्कोप के अंत में लगा वीडियो कैमरा, पेट के अंदर की तस्वीर को मॉनीटर पर दिखाता है।

# बस स्टैंड में ओडिशा का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त अंतर्राज्यीय तस्कर को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.13 लाख का गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

- 1.13 लाख का गांजा बरामद, आरोपी को भेजा गया जेल

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा टीम बस स्टैंड पहुंचकर घेराबंदी कर संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसके पास रखे विमल गुटखा के बैग की जांच करने पर 11.300 किलो गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 1.13 लाख रूपए आंका गया है।



मामले में आरोपी लुकू ध्रुवा 30 वर्ष निवासी गोडाघाट थाना रामगिरी जिला कोरापुट ओडिशा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, नितेश मेश्राम, आरक्षक रामकुमार व नारायण कलामे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बालाजी टेम्पल ट्रस्ट के अध्यक्ष बने वासुदेव




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के एक निजी संस्थान में श्री बालाजी टेंपल ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 25 वर्षों में ट्रस्ट में पहली बार चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ जिसमें शहर के सीनियर आर्किटेक्ट वासुदेव राव अध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बीजयराम, सचिव रवि भूषण राव, कोषाध्यक्ष मद्दी सप्तगिरी, सहसचिव नागभूषण राव एवं सांस्कृतिक सचिव के. श्रीनिवास राव सोनी बनाए गए। जिन्हें आंध्र समाज के संरक्षकों, पूर्व अध्यक्षों व समाज के वरिष्ठ जनों एवं युवाओं के द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आंध्र समाज के श्री गोविंदा ग्रुप के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर टी. कुंडल राव, मद्दी श्रीनिवास राव, आदि नारायण राव राजेंद्र प्रसाद राव, भानु जी राव, बी. केशव राव, ईश्वर राव (चंटी), सक्ति राव, वेंकट रमणा नरसिंह राव, ए. अप्पा राव, श्रीनिवास राव, गावस्कर राव, राम कुंडल राव, गंगा राव, एम. दिगंबर राव, रामकृष्ण नायडू, राजू राव एवं आंध्र समाज के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# गांजा व शराब की तस्करी में जब्त 19 वाहनों की लगी बोली, 13.9 लाख रुपए में हुई नीलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा जब्त 2 साईकल, 8 बाईक, 8 कार, 1 ट्रक व 1 ऑटो समेत 20 वाहनों की निलामी पुलिस लाईन में

- बोली लगाने ओडिशा से भी पहुंचे थे बोलीदार
- स्कार्पियो 2 .40 लाख, ट्रक 1.6 लाख, स्वीफ्ट डिजायर के लिए 1.1 लाख की लगी बोली

रखी गई थी। निलामी के लिए बस्तर जिले के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बोलीदार पहुंचे थे। बोलीदारों ने बढ़ चढ़कर बोली लगाया और जब्त वाहनों को अपने



नाम किया।

बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, डीएसपी ट्रैफिक संतोष कुमार जैन व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जब्त वाहनों की निलामी की गई। जब्त वाहनों में सबसे पहले डस्टर कार की निलामी के लिए बोलीदारों ने बोली लगाई गई। सरकारी रेट 98 हजार से शुरू हुई जिसे तितिरगांव के बुधराम बघेल ने सर्वाधिक 3 लाख 2 हजार की बोली लगाकर अपने नाम किया। वहीं 6 हजार 3 सौ की एक्टीवा 18 हजार 2 सौ, होण्डा साईन बाईक 30 हजार 5 सौ, स्कार्पियो 2 लाख 40 हजार, आध्रप्रदेश की बाईक 50 हजार, फोर्ड क्लासिक कार 30 हजार 1 सौ, हीरो होण्डा 15 हजार, ट्रक 1 लाख 6 हजार, ऑटो 1 लाख 61 हजार, होण्डा साईन बाईक 24 हजार 5 सौ, एक्टीवा 30 हजार 5 सौ, हरियाणा की कार 30 हजार 6 सौ, बाईक बजाज प्लेटिना 8 हजार 2 सौ, यूपी की कार 20 हजार 1 सौ, फोर्ड क्रिएस्टा कार 20 हजार 5 सौ, मारूती सुजुकी स्टीम कार 18 हजार 3 सौ, मार्शल कार 60 हजार, स्वीफ्ट डिजायर कार 1 लाख 1 रूपए तथा साईकल के लिए अधिकतम 510 रूपए की बोली लगाकर बोलीदारों ने अपने नाम किया।

डीएसपी सायबर गीतिका साहू व एसआई श्रीनिवास वर्मा ने बताया कि आबकारी मामलों में जब्त सभी वाहनों की सफलतापूर्वक निलामी कर ली गई है। बोलीदारों द्वारा पूरी राशि जमा करने के बाद वाहनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## पेज 09 के शेष...

### मेला देखने गए...

मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की छानबीन किया है और एक टीम इसी में लगी हुई है, अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपी को पकड़ा जाएगा।

### भाभी की हत्या...

गंभीर देखते हुए धमतरी रेफर किया। हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा कोरर मंडल...

खेमचंद फरदिया, रघुनंदन सिंह परिहार, घासीराम बढाई, योगेंद्र साहू, मुकेश यादव, अरुण ताम्रकार, सुरेश नायक, राजकुमार कोरेटी, सुरेंद्र हिचामी, धनाजी हिचामी, शंकर निर्मलकर, विजय कुलदीप, कुबेर कोसमा, भागीरथी जुर्री, सेवक राम गावडे, रोहित यादव, लोकेश्वर प्रसाद साहू व अन्य उपस्थित रहे।

### वित्तीय वर्ष के...

बताया कि 31 मार्च को ही चालान, ई-चालान के माध्यम से प्राप्त समस्त राशि को शासन के खाते में जमा किया जाना है तथा उक्त जमा राशि का एमआईएस एवं बैंक स्क्रॉल अगले दिवस संबंधित कोषालय, उपकोषालय को अनिवार्यतः प्रदाय किया जाए। इसके लिए लीड बैंक मैनेजर को जिले के सभी शासकीय व्यावसायिक लेनदेन वाले बैंकों को निर्देशित करने कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण और स्वच्छता पर लिया संकल्प



**दंतेवाड़ा।** शासकीय आदर्श आवासीय महाविद्यालय, गीदम में भूगोल एवं समाजशास्त्र विभाग अंतर्गत विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र संयोजक डॉ. संजीव कुमार मांजरे द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने जल संरक्षण, जल प्रदूषण की रोकथाम और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला सलाहकार वॉश कार्यक्रम, जिला दंतेवाड़ा, सुरेश कुमार अनंत द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। विश्व जल दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 में की गई थी। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, जल संकट की गंभीरता को समझाना और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य ठेकेदारी प्रथा से करे सरकार

# तेंदूपत्ता हितग्राहियों को भुगतान नकद व तोड़ाई 15 दिनों तक हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने गुरूवार को अपने निवास में प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ठेकेदारी प्रथा से हो और तेंदूपत्ता तोड़ाई का भुगतान नगद करने की बात कही है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि वर्तमान में बीजापुर जिले की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य सरकारी प्रथा से कराना संभव नहीं है इसलिये इस वर्ष ठेकेदारी प्रथा से ही होना चाहिए जिसका ज्यादा से ज्यादा लाभ तेंदूपत्ता हितग्राहियों को मिलेगा।

उन्होनें कहा कि बीजापुर जैसे आदिवासी जिले की भौगोलिक परिस्थिति और बैंकिंग सुविधाओं की कमी, आवाजाही के लिए परिवहन व्यवस्था की कमी को देखते हुए तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2025 का तेंदूपत्ता हितग्राहियों को नगद भुगतान हो और तेंदूपत्ता की दर को 5500 रुपए से बढ़ाकर 7000 रुपए प्रति मानक बोरा किया जाए और तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य सम्पादित करने में लगे फड़मुंशियों को 25000 रुपए प्रति वर्ष देने की मांग भाजपा सरकार से की है। विधायक मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के बने डेढ साल होने को है लेकिन भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में किए गए एक भी वादे को आज तक पूरा नहीं कर सकी।

भाजपा सरकार अपने 2023 के चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में किए गए वादे के अनुरूप तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता का नगद भुगतान करे और 15 दिनों तक तेंदूपत्ता की कटाई कराए, हर गांव में तेंदूपत्ता तोड़ने की व्यवस्था करे और फड़मुंशियों को 25000 हजार रूपए प्रति वर्ष दे।

उन्होने कहा कि तेंदूपत्ता ग्रामीण आदिवासियों के आय का मुख्य स्त्रोत है जिसके लिए ग्रामीण साल भर इंतज़ार करते हैं लेकिन भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण ग्रामीणों को परेशानी होगी, जिस गांव में तेंदूपत्ता की कटाई नहीं हो पाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। कुल मिलाकर भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी सरकार है। भाजपा सरकार 2023 के अपने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी के अनुरूप काम नहीं करती है तो आगामी दिनों में भाजपा के घोषणा पत्र मोदी की गारंटी को पूरा करने की मांग को लेकर क्षेत्र की जनता के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जनपद सदस्य मनोज अवलम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सोमारु नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्या सरिता चापा, पार्षद बेनहुर रावतिया के अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मनरेगा कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाल सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छग राज्य गठन के बाद ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अगर आपने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के कीर्तिमान स्थापित करने की खबरें पढ़ी हैं तो आपको उन कीर्तिमान में अहम भूमिका निभाने वाले मनरेगा कर्मचारियों की दर्द भरी दास्तान भी सुननी चाहिए। जो 50 वर्ष की उम्र में अपने सुरक्षित भविष्य के लिए जिला मुख्यालय में बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे।

19 वर्षों से सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए न तो मानव संसाधन निधि बन पाई और न ही इनको सम्मानजनक नौकरी नसीब हो रही है। सरकारें बनी बिगड़ी किंतु पार्टियों के चुनावी वादे विपक्ष में रहते इनके हड़ताली मंचों तक ही सीमित रह गए। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि उनकी उम्र 51 वर्ष हो चुकी है। योजना में जितने भी पद है वो किसी न किसी विषय मे दक्ष है। सहायक परियोजना अधिकारी, प्रोग्रामर, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखापाल, ऑपरेटर से लेकर रोजगार सहायक तक के सभी कर्मचारियों को निर्माण कार्यों के तकनीकी पहलुओं की जानकारी के साथ एवं ऑनलाइन कार्यों की दक्षता अनिवार्य है। यह दक्षता हासिल करने मे 30 वर्ष लग जाते है तब जाकर कहीं मनरेगा योजना में नौकरी लगी है। नौकरी के 19 वर्ष मे इन कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण विकास को स्थापित करने और आगे बढ़ाने में अपनी जवानी खपा दी।

योजना में कार्य करने वाले बहुत से कर्मचारी वर्तमान में बुढ़ापे की दहलीज पर हैं। जिनकी उम्र 50 के आसपास अथवा इससे भी अधिक की हो गई है। उम्र के इस पड़ाव में उन्हें अपना भविष्य असुरक्षित नजर आ रहा है। चूंकि इन कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, मृत्यु उपरांत सम्मान भी नहीं मिल पा रहा है। 28 मार्च को प्रदेश स्तर पर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे।

## यह सम्मान न केवल उनका है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति का है, जो विकास के लिए साथ दिया: बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुने जाने का निर्णय न केवल बस्तर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह उनके द्वारा किए गए समर्पित कार्यों का सम्मान भी है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, बस्तर एवं नगर पंचायत बस्तर सदभावना में बुधवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया।

समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों, स्थानीय नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर क्षेत्रीय विधायक के उत्कृष्ट सम्मान समारोह में शिरकत हुए। बस्तर विधायक ने अपने सम्मान के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनका है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति का है, जिन्होंने क्षेत्र की उन्नति के लिए उनका साथ दिया। उन्होंने कहा मेरी प्राथमिकता हमेशा जनता की सेवा रही है और यह सम्मान मुझे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संकट जैसी समस्याओं के समाधान के लिए किए गए अपने प्रयासों का भी उल्लेख किया।

बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने लखेश्वर बघेल की कार्यों की सराहना की और कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता ही उन्हें एक सफल और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि बनाती है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस सम्मान को बस्तर क्षेत्र के लिए गौरव का पल बताया। कई लोगों ने विधायक द्वारा किए गए विकास कार्यों को साझा किया, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजनाएँ, जल संरक्षण अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार शामिल हैं। विधायक ने सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी बस्तर के विकास और समृद्धि के लिए इसी तरह से कार्य करते रहेंगे। उनके प्रयासों से बस्तर के नागरिकों को निरंतर प्रगति और विकास की राह पर आगे बढ़ने का अवसर देंगे।

यह सम्मान समारोह न केवल एक विधायक के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि जब कोई जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से काम करता है, तो उसका सम्मान स्वयं जनता करती है। इस सम्मान से न केवल कांग्रेस पार्टी, बल्कि पूरा बस्तर क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है।

इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, पार्षदगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समस्त कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# बकावंड में भीषण जलसंकट

### बोरवेल सूखे, हैंडपंपों ने भी दे दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बस्तर जिले का सबसे शिक्षित ब्लॉक माने जाने वाले बकावंड में इन दिनों पानी की भारी समस्या पैदा हो गई है। राजनगर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले कांडकीगुड़ा पारा, कॉलोनी पारा, भोरागुड़ा पारा और आवासपारा में करीब 1500 की आबादी निवास करती है। पानी की किल्लत से सभी लोग त्रस्त हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही इलाके के अधिकांश बोरवेल, ट्यूबवेल और हैंडपंप सूख गए हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

- पानी की समस्या का नहीं हो रहा है स्थायी समाधान





#### पोल्ट्री फॉर्म के सहारे कर्मचारी

जेडी कॉलोनी में भी जलसंकट के हालात हैं। कर्मचारी और उनके परिजन हलाकान हैं। जेडी कॉलोनी में करीब 200 लोग रहते हैं, जिनमें ज्यादातर सरकारी कर्मचारी हैं। यहां 3 एचपी का बोरवेल संचालित था, लेकिन गर्मी के चलते वह भी सूख गया है। कर्मचारियों को मजबूरन एक पोल्ट्री फार्म से पानी लाना पड़ रहा है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी पानी की व्यवस्था करते-करते लेट हो जाते हैं, जिससे उनके कामकाज पर असर पड़ रहा है।

### कुएं का दूषित पानी पी रहे लोग



#### कुएं का गंदा पानी पी रहे ग्रामीण

ग्राम पंचायत के अन्य इलाकों में स्थिति और भी खराब है। कई परिवार कुएं का गंदा और दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, क्योंकि भीषण गर्मी में कुएं का जलस्तर भी नीचे चला गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पानी पीने से बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियां बढ़ने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार सरपंच, सचिव और जनपद सीईओ के पास शिकायत लेकर गए, लेकिन हर बार अस्थायी समाधान देकर मामले को टाल दिया जाता है। कुछ दिन के लिए टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाता है, फिर स्थिति जस की तस हो जाती है। ग्रामीण गंगाराम बिसाई, भुवनेश्वर बघेल, कमलेश, संतोष, रामलाल और रेनू सहित अन्य लोगों ने स्थायी समाधान की मांग की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

#### जनप्रतिनिधि कर रहे अनदेखी

गांव के जनप्रतिनिधियों का जनपद मुख्यालय में रोजाना आना-जाना लगा रहता है, लेकिन जलसंकट को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। ग्रामीणों का कहना है कि नेता और अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और भी विकराल हो सकती है। प्रशासन को चाहिए कि तुरंत जलसंकट का स्थायी हल निकाले, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

#### जल्द दूर होगी समस्या

जल संकट के बारे में पीएचई के अधिकारियों से चर्चा की है, उम्मीद है जल्द समाधान हो जाएगा।

-पारेश्वर कुर्रे, सीईओ, जनपद पंचायत

## तहसील साहू समाज ने मनाया कर्मा जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील साहू समाज बचेली द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 26 मार्च को साहू सदन बचेली में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलित किया गया। इसके पश्चात मां कर्मा की संगीतमय आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लैक्स, विशिष्ट अतिथि राजू जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका बचेली, केपी बंसोड़ विभागाध्यक्ष सिविल, सौरभ कुमार उप महाप्रबंधक कार्मिक तथा एम तिरुपति राव उप महाप्रबंधक कार्मिक एवं अध्यक्षता भूपेंद्र साहू अध्यक्ष, जिला साहू संघ दंतेवाड़ा के द्वारा किया गया। साथ ही जिला साहू संघ दंतेवाड़ा एवं किरंदुल से पधारें सामाजिक पदाधिकारियों एवं अन्य समाज से पधारें अतिथियों के स्वागत पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्षीय उदबोधन करते हुए तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू ने समाज की उपलब्धियों एवं गतिविधियों से सभा को अवगत कराया तथा केंद्र सरकार द्वारा माता कर्मा के नाम से जारी किये डाक टिकट के बारे में भी सभी को जानकारी प्रदान किये।

इसके पश्चात समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक कला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित सभा ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया एवं काफी सराहना की।

कार्यक्रम में साहू समाज के मेधावी छात्रों को प्रतिभा सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, बच्चों तथा महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया । उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी रामय्यन द्वारा अपने सम्बोधन में साहू समाज के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा समाज के बच्चे हर क्षेत्र में आगे है चाहे वो पढ़ाई हो या खेल क्षेत्र में हो। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी सराहना किया गया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने सभा को सम्बोधित करते हुए मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला और समाज की महत्ता से जनमानस को अवगत कराया। सभी अतिथियों को समाज द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आभार प्रदर्शन दिनेश कुमार साहू, सचिव तहसील साहू बचेली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन लोकेश कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत हिरवानी, महेंद्र साहू, तरुण साहू, ठाकुर राम साहू, नोहर साहू, श्रवण साहू तथा महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती भारती साव,राधिका साहू ,राजेश्वरी साहू, प्रीति साहू, वासनी साहू, अनिता साहू, मंजू साहू, रेखा साहू, प्रतिमा साहू आदि पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठ जन एवं सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

## श्वेतांबर समाज भव्य रूप से मनाएगा महावीर जयंती

### चित्रकला सहित 13 दिनों तक चलेंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




ओसवाल जैन श्वेताम्बर समाज के उपाध्यक्ष किशोर पारेख ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते पत्रकारो को बताया आगामी 10 अप्रैल को महावीर जयंती इस वर्ष भव्य रूप से मनाई जाएगी। उन्होंने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष सकल जैन समाज द्वारा भव्य-दिव्य रूप से महावीर जयंती का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन को हर वर्ष की तुलना में और भी भव्य रूप से करने का प्रयास होगा। हर वर्ष यह आयोजन मुख्यत 3-4 दिन का होता है इस वर्ष महावीर जयंती का आयोजन 10 से 13 दिन का होगा। उन्होंने बताया इस आयोजन की शुरुआत दिनांक 29 मार्च को सुबह 10 बजे से ओसवाल भवन में इनडोर गेम कार्निवल से शुभारंभ होगी एवं इसी दिन से गांधी मैदान हाताग्राउंड में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट जेपीएल का शुभारंभ भी होगा,जिसका समापन 7 अप्रैल को होगा। महसचिव अनिल कागोत ने कहा यह आयोजन समाज के संगठन, जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जसवा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन इसके पश्चात क्रमशः दोपहर 3 से 5 बजे ओसवाल भवन में समाज के अलग अलग संगठनों एवं अलग अलग मंडलों द्वारा विविध आयोजन जैसे खोजों खेलो और जीतो, रंगोली प्रतियोगिता,अंताक्षरी, चित्रकला, लआर्ट एंड क्राफ्ट, किड्स एंटरप्रेन्योरशिप,डीप एंड डेज़र्ट्स (कुकिंग), सामयिक प्रश्नोत्तरी आदि स्पर्धा होगा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ने पत्रकारों को जानकारी देते कगा 9 अप्रैल बुधवार को समाज द्वारा दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में नवकार जाप का आयोजन किया जा रहा है,जो कि पूरे विश्व में एक साथ एक समय पर होगा। इस तरह से अलग अलग आयोजन करवाया जा रहा है। समिति के सह संयोजक चंद्रेश छाजेड़ ने बताया इन सब आयोजन को करवाने का मुख्य उद्देश्य समाज को आगे बढ़ाना एवं समाज के बच्चों एवं महिलाओं की प्रतिभाओं को आगे लाना है।इन सब आयोजन के माध्यम से ही बच्चे एवं महिलाओं की प्रतिभाओं को तराशा जा सकता है।

## बालाजी से 2.5 क्विंटल और अभिनव मार्केटिंग से 17 किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथिन, डिस्पोजल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम के दल ने पर्यावरण विभाग के वैज्ञानिकों के सहयोग से प्रतिबंधित पालीथीन पर लक्षित कार्रवाई आज की। कार्रवाई में बालाजी इंटरप्राइजेस से 2.5 क्विंटल और अभिनव मार्केटिंग से 17 किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन, डिस्पोजल जब्त की गई। सूत्रों के अनुसार नगर निगम के काम्प्लेक्स में स्थित दो दुकानों में भारी मात्रा में प्रतिबंधित झिल्ली पाई गई। दोनों दुकानों के ताले तोड़कर जांच की गई, जिसमें न केवल प्रतिबंधित झिल्ली बल्कि डिस्पोजल ग्लास और प्लास्टिक चम्मच भी बरामद हुए। तोलने और आगे की जांच की कार्रवाई जारी है। ताला तोड़ने के बाद, दुकान मालिक शंकर यादव से संपर्क किया गया। यादव के अनुसार, उक्त दुकान का संचालन धनपुंजी के व्यापारी पवन जैन द्वारा किराए पर लिया गया है। इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत अधिकारी भी मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान विनय श्रीवास्तव राजस्व अधिकारी, हेमंत श्रीवास स्वास्थ्य अधिकारी, राकेश यादव दुकान प्रभारी, घनश्याम सिंह वैज्ञानिक, छगपर्यावरण मंडल, नंद कुमार पटेल, चंदन प्रजापति एवं दामोदर समेत कई अधिकारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। नगर निगम का अमला में कार्रवाई में सम्मलित राजस्व शाखा के कर्मचारियों को अच्छी तरह मालूम है,कि शहर के ऐसे और भी दुकाने है,जहाँ खुलेआम प्रतिबंधित पॉलिथीन की अवैध बिक्री की जा रही है,लेकिन उन दुकानों के साथ निगम के राजस्व अमले की मिलीभगत से करवाई नही की जाती। आयुक्त को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। खासकर जैन मंदिर रोड में एक दुकानदार खुलेआम प्रतिदिन कई क्विंटल प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री कर रहा है,बाउजूद दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई नही की जा रही है।

## छुट्टी के दिनों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**जगदलपुर।** शहर के कलेक्टोरेट स्थित वरिष्ठ उप पंजीयक मुकेश कुमार अजापाल ने बताया कि जमीन और मकानों कि रजिस्ट्री नॉन स्टॉप की जा रही है। फाइनेंसियल वर्ष खत्म होने वाला है। इस दौरान लोग कई प्रॉपर्टी खरीदते हैं, इसके साथ ही रजिस्ट्री ऑफिस की टाइमिंग भी शाम 7 बजे तक कर दिया गया है। शासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से शासकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में शासन के निर्देश पर जनसुविधा को सर्वोपरि रखते हुए मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश के दिनों 29, 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा हेतु रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय सायं 5 बजे से बढ़ाकर सायं 7 बजे तक कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक मालिक परिवहन संघ का अध्यक्ष बने हरिचंद

**भानुप्रतापपुर।** लौह ग्राम कच्चे में ट्रक मालिक परिवहन संघ का



चुनाव संपन्न हुआ। कच्चे ट्रक मालिक परिवहन संघ में 221 सदस्यो ने मतदान किया, जिसमे 195 मत के साथ हरिचंद कौड़ो अध्यक्ष पद के लिए जीत हासिल किया। उपाध्यक्ष धनराज यादव 124 मत से जीते, सचिव पद पर नरोत्तम दर्रो 133 मत से जीते, वही धीरज जायसवाल 25 वोट से जीत हासिल किया। सहसचिव के लिए सागर प्रसाद 29 वोट से जीत हासिल किया।

### फैक्ट्री की अनियमित से जनता नाराज

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना प्रदेश महासचिव ने अनुविभागिय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को पत्र लिखकर प्रशासन से मांग किया है कि भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे में लोह अयस्क उत्खनन, परिवहन का कार्य कर रही फैक्ट्री द्वारा शासन के नियमों को, पर्यावरण के नियमों को धता बताते हुए क्षेत्र के आम जनता के अंदर फूट डालते हुए शासन के नियमों का मजाक उड़ाया जा रहा है। बात-बात पर गांव-गांव को लड़ाने का काम किया जा रहा है।

### रामनवमीं पर विहिप का भगवा झंडे लगाने का निर्णय

**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के नेता कार्यकर्ता अलग-अलग ब्लाक में रामनवमीं धूमधाम से मनाने बैठक कर रहे हैं। तोकापाल प्रखंड में विहिप की बैठक रवि ब्रम्हचारी की उपस्थिति में हुई, जिसमें तोकापाल ब्लाक में धूमधाम से शोभायात्रा के साथ रामनवमीं मनाने पर चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। पूरे ब्लाक मुख्यालय और गांव-गांव में नवरात्रि से रामनवमीं तक भगवा रंग का झंडा लगाने का निर्णय लिया गया।

### शंकराचार्य की धर्मसभा में बस्तर से जाएंगे श्रद्धालु

**जगदलपुर।** पुरी पीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य 1 से 8 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के प्रवास में रायपुर आ रहे हैं। उनके आगमन पर दर्शन, संगोष्ठी और दीक्षा कार्यक्रम निर्धारित होगा और शाम को रोजाना धर्मसभा होगी। 31 मार्च को शंकराचार्य सुदर्शन आश्रम रायपुर पहुंचेंगे।

**सियासत : पुष्प गुच्छा और गमछा पहनाकर किया सम्मान**

# नव निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों का भानुप्रतापपुर मंडल ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं चुनाव में प्रत्याशी बनने वाले प्रत्येक कार्यकर्ताओं का सम्मान मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष टीकम टांडिया एवं मंडल पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ और पार्टी का गमछा पहना कर किया गया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह मेरे कार्यभार के बाद यह पहला बैठक है, जिसमें खुशी की बात है कि हमारे मंडल में 20 सरपंच, 5 जनपद सदस्य सहित नगर पंचायत में अध्यक्ष भी भाजपा का बना है जो कि पूरे मंडल के लिए गर्व का बात है। आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि भाजपा से कि हम सबकी पहचान है।

आज पंच से लेकर प्रधान तक का सफर भाजपा तय कर रही है। हम सभी को जो जनता ने दायित्व दिया है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और भारतीय जनता पार्टी को और भी मजबूत बनाएंगे। सम्मान समारोह का संचालन जिला मीडिया प्रभारी राजीव श्रीवास ने किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता हेमप्रकाश शिवहरे, रत्नेश सिंह, अभय पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, मंडल महामंत्री ज्वाला जैन ने संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, सचिन दुबे, ललित गांधी, जनपद सदस्य विष्णु कचलाम, वरूण खापर्डे, गिरिजा देवी साहू, नारायणपुर सरपंच भेनू दुग्गा, भैसाकन्हार सरपंच रमल कोर्राम, कुआंपानी सरपंच ढलान सिंह राणा, राजकुमार यादव, गुमान ठाकुर, सुमित्रा साहू, गिरधारी नरेटी, जग्गा नरेटी, कुंदन साहू, रिजवान कुरैशी, लक्ष्मण कुलदीप, उर्मिला जसूजा, शकुंतला यादव, सीता चंद्राकर, संगीता डांडिया, जुगल किशोर शर्मा, मनोज रावत, हरि यादव, अनीश मिश्रा, सरोजित विश्वास, दीपांकर मजूमदार, रमेश तिवारी, रोशन मिश्रा, देवेंद्र साहू, राजेश तेता, गौतम उसेंडी, विजय पंजवानी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने मंडल धनेलीकन्हार क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान



**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार की कार्य समिति की बैठक 26 मार्च को पिछड़ा वर्ग भवन धनेलीकन्हार मे मंडल अध्यक्ष डाकेस साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में भाजपा समर्पित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनपद सदस्य , सरपंच, उपसरपंचो का स्वागत सम्मान किया गया।नव निर्वाचित जनपद सदस्य व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है व प्रदेश की जनता ने क्षेत्र की विकास के लिए भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार पर मुहर लगाते हुए आप सभी को नवीन जिम्मेदारी दी है। हम सभी को मिले इस नवीन जिम्मेदारी को इमानदारी पुर्वक निभाते हुए अपने अपने क्षेत्र के विकास के लिए जी-जान से जुट जाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने कहा की आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है और अब जिला पंचायत , जनपद पंचायत व ग्राम पंचायतों में भाजपा समर्पित सदस्य अत्यधिक संख्या में जीत कर आये है। उन्होंने सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा की जो नवीन दायीत्व मिली है उसे इमानदारी से निभाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन व पुर्व मंडल अध्यक्ष सितम्बर कावडे ने किया। इस अवसर पर अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोतीराम नाग , गोंडवाना समाज प्रदेश संगठन मंत्री विकेश हिचामी , महामंत्री लोकेश्वर सेन , जनपद सदस्य अशोक कचलाम , नितेश सलाम , मिथलेश मंडावी, सरपंच तालाकुर्रा विनोद रावटे , सरपंच मरकाटोला मिथलेश कावडे , सरपंच सुरेली कृष्णा हुपेन्डी , उपसरपंच प्रिंस पाण्डेय, वेद कुमार औरसा , युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमलाल गढीया , पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष मधुसूदन साहू , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष व लेम्स मरकाटोला अध्यक्ष अमर सिंह बढ़ई , लेम्स बारदेवरी अध्यक्ष लक्षिन्दर नाग , सालिक राम नाग , लोभान सिंह नाग , चन्द्रशेखर मंडावी , बंशीलाल कावडे , देवेन्द्र कुमार यदु , निर्मल यादव , मनोज सिन्हा , संतराम साहू , विश्वनाथ मंडावी , सानु साहू , गोपाल यदु उपस्थित थे।

## चारामा के सरकारी स्कूलों के 21 छात्रों का नवोदय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

विकासखंड चारामा से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में विकासखंड के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं ने चयनित होकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विकासखंड चारामा ने लगातार जिले में अव्वल रहने के रिकार्ड को कायम रखा। यह सफलता केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार, माता-पिताओं और अकादमिक, प्रशासनिक दिशानिर्देश और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का परिणाम है। विकासखंड चारामा से नवोदय करप के लिए 21 बच्चों का चयन हुआ है, जिसमें रामाधीन कुलदीप शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा परसोदा, उन्नति सलाम शासकीय प्राथमिक शाला चपेली, लक्ष्मी यादव शासकीय प्राथमिक शाला चुंचरुंगपुर, आयुष कुमार यादव शासकीय प्राथमिक शाला चुचरुंगपुर, जिज्ञांस सिन्हा शासकीय प्राथमिक शाला ऊंकारी, मोनिका नागराज शासकीय प्राथमिक शाला जुनवानी, ओजस्वी साहू शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा, गगन साहू शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा, वाशनी कोड़ोपी कन्या आश्रम शाला कोटेला, जीवांश कुमार मंडावी शासकीय प्राथमिक शाला खाउडन पारा खैरवाही, फैजल खान पिता शासकीय प्राथमिक शाला आवासपारा जैसाकर्रा, दुर्गा प्रसाद साहू शासकीय प्राथमिक शाला मधुबनपारा गोटीटोला, ऐजश्री सिन्हा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हल्बा, रेयांस नागवंशी सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा, अन्यया ध्रुवे सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा, प्रतीक साहू सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा, प्रखर गंजीर सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा, शिखर पटेल सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा, पूर्वी शोरी डिजनी पब्लिक स्कूल चारामा, समीर देवांगन शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल नाका पारा चारामा, हरीश कुमार जैन श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हल्बा से चयनित हुए हैं। नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए प्रत्येक शाला में वर्षभर प्रतिदिन एक कक्षा नवोदय की तैयारी के लिए निर्धारित की गई थी एवं संकुल स्तरीय निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा था। खंड शिक्षाधिकारी चारामा केशव राम साहू ने बताया कि विकासखंड से सत्र 2025-26 के लिए 21 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर के लिए हुआ है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। विगत कई वर्षों से विकासखंड चारामा से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले बच्चों की सफलता का प्रतिशत बहुत अच्छा रहा है। इसके अलावा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तमाम तरह के शालेय परीक्षाओं में भी हमने सफलता के झंडे फहराए हैं।

## वन अधिकार-पेसा अधिनियम पर हुआ जागरूकता-प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ग्राम सभा सशक्तिकरण की थीम पर इच्छापुर में वन अधिकार मान्यता कानून 2006 एवं पंचायत उपबंध अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1996 (पेसा कानून) नियम 2022 के तहत एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, ग्राम सभा कोष और वन अधिकार कानून के तहत मिलने वाले अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया। आयोजित शिविर में मलांजकुडुम, मर्दापोटी, इरादाह, आमाझोला, नवागांव, इच्छापुर, घोटिया, कलमुच्चे, मर्रापी आदि ग्राम सभाओं के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उमेन्द्र कुमार कोरेटी ने ग्राम सभा कोष के सही उपयोग, पारदर्शिता और ग्राम विकास में इसकी भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। साथ ही सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन में ग्राम सभा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया ताकि ग्रामीण समुदाय अपने अधिकारों को समझकर प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन कर सकें। रामचंद्र कुमेटी ने पेसा कानून, वन अधिकार कानून अनुसूचित क्षेत्रों में बेहतर क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया तथा विभिन्न समितियों के सदस्यों मुख्य दायित्वों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीणों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एकलव्य के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण में ट्रेन से यात्रा की



**दुर्गुकोंदल।** संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के छठवीं और सातवीं के छात्र-छात्राओं ने संस्था के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी और मीनू रानी, रितु देवी, दीप्ति, मधुश्री ठाकुर, शिखा झा, धर्मेन्द्र सहरावत, सुमित कुमार, राकेश कुमार, सलाहुद्दीन खान, सुनील कुमार, चेतन कुमार तोमर, निर्मल कुमार अग्रवाल, चक्रवर्ती यादव, दीपक जैन, अंकुर कुमार आदि शिक्षकों के साथ शैक्षिक भ्रमण के दौरान ट्रेन की यात्रा किया। भ्रमण के दौरान अतिसंवेदनशील, पिछड़े क्षेत्रों के आदिवासी छात्रों ने बस द्वारा दुर्गुकोंदल से भानुप्रतापपुर जाकर, भानुप्रतापपुर से दल्ली तक ट्रेन की यात्रा की और वहां से ट्रेन से वापिस आए, जिसमें ढेर सारे बच्चों ने जीवन में पहली बार ट्रेन की यात्रा की और इस दौरान उन्होंने ट्रेन का आकार, उसकी बनावट, उसकी बोगियों और सीटों को देखा।

यात्रा के दौरान छात्र-छात्राएं उत्सुकता, रोमांच के साथ-साथ बहुत प्रसन्न रहे। इस दौरान प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने व्यक्तित्व के विकास में यात्रा को महत्वपूर्ण बताया।

## कर्मा जयंती पर बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



विकासखंड चारामा के ग्राम मैनपुर में साहू तैलिक समाज के आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती पर बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने पंडवानी कार्यक्रम प्रस्तुत से सभी श्रोतागण का मन मोह लिया।

बाल पंडवानी गायिका आराध्या महज तेरह साल की है, जो 6 साल की छोटी उम्र से ही अपने दादी से पंडवानी सुनकर पद्मश्री तीजन बाई के गायन कला को लेकर आगे बढ़ा रही है। कर्मा जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से कीचक वध की कथा जो कि महाभारत की कथा में कीचक वध का भी प्रमुखता से वर्णन आता है। पांडव जब तेरह साल के अज्ञातवास में थे, तब पांडवों ने कीचक का वध किया था। इसी कथा का वर्णन पंडवानी गायन से सुनाई। आधुनिकता की दौड़ में जहां एक ओर फिल्मी दुनिया के चकाचौंध में बच्चे मोबाइल फोन के गिरफ्त में हैं, वही इस छोटी उम्र की बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने पंडवानी लोक गायन शैली को अपना पहचान बना रखी है। उपस्थित श्रोताओं ने कथा सुनकर नन्ही बालिका को उज्ज्वल भविष्य की आशीर्वाद प्रदान किया। कर्मा जयंती के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, अध्यक्षता अशोक साहू, हीरामन साहू ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष, विशेष अतिथि में पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, ढालसिंह सिन्हा, किशोर साहू,हेमनाथ साहू,रूपलाल साहू, सुमन साहू, प्यारेलाल, हेमंत साहू, किरण साहू, कुंदन, मनोज, देवेन्द्र, लोकेश, धर्मेन्द्र, कार्तिक, रामविलास साहू, हेमंत, छेदूं, जैनी बाई, नंदनी, मंजू, कुंती, शशिकला साहू एवं समस्त ग्रामवासी मैनपुर उपस्थित रहे।

**निधन**

### राकेश कुमार दुग्गा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मेड़ो के



आश्रित ग्राम चाहचाड़ निवासी एवं श्री बजरंग आयरन और माइंस हाहालद्दी दुर्गुकोंदल में कार्यरत मजदूर 45 वर्षीय राकेश कुमार दुग्गा का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चाहचाड़ में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व रिश्तेदार उपस्थित हुए। वे भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष धनसिंह दुग्गा के नाती एवं सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक धनेलियाराम दुग्गा के पुत्र थे।

# संभाग के 20 उद्योगों के संचालकों को पर्यावरण संरक्षण मंडल ने दी नोटिस

## उद्योग संचालक कर रहे पर्यावरण नियमों का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग के उद्योगों पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम ने संभाग के 20 उद्योग संचालकों को नोटिस दिया गया है। इसमें से हॉट मिक्स प्लांट, स्पंज आयरन, स्टोन क्रशर, राईस मिल, डेयरी फार्म, स्टील प्लांट, आयरन ओर माइंस आदि शामिल हैं। मंडल ने सभी उद्योगों को नोटिस दिया कि पर्यावरण नियमों सही करें। 15 दिन में पर्यावरण नियमों को सही कर नोटिस का जवाब दें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई करने की जाएगी। मंडल की टीम ने उद्योग संचालकों को बताया कि किसी भी तरह के उद्योग का संचालन करने वाले हवा, पानी एवं धुंआ में उद्योगों से होने वाले प्रदूषण को रोकने जरूरी सारे इंतजाम करेंगे।

■ पर्यावरण नियमों का नोटिस का जवाब नहीं देने पर होगी कार्रवाई




**उद्योग मालिकों को दिए निर्देश**

पर्यावरण संरक्षण मंडल जगदलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी एस पिस्दा ने बताया कि उद्योग मालिकों को निर्देश दिया कि वे पर्यावरण नियमों का ध्यान रखें। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस ने सीबीआई और सरकार का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निवास, कार्यालय में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन के समक्ष सीबीआई और केंद्र-राज्य सरकार का पुतला दहन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर कांग्रेसियों ने जमकर हल्ला बोला। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने बताया कांग्रेस नेताओं पर हो रही केंद्रीय एजेंसियों की द्वेषपूर्ण कार्रवाई बेहद निराशजनक है। जब से भाजपा सरकार बनी है, वह विपक्षी दलों को दबाने का प्रयास कर रही है। ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ गलत आरोप पत्र तैयार कर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर छापा मारने और जेल भेजने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। 15 महीने की विष्णु देव सरकार के पास जनता के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस दौरान चम्पा ठाकुर,अंगद त्रिपाठी, हनुमान द्विवेदी, वेंकट राव, महामंत्री जाहिद हुसैन,अवधेश झा, राजेश चौधरी, विक्रम सिंह डांगी,कौशल नागवंशी, सहदेव नाग,सुषमा सुता,रविशंकर तिवारी, राजेश राय, पार्षद बलराम यादव,सूर्या पानी,शुभम यदु,कोमल सेना, ललिता राव, संदीप दास,लोकेश चौधरी,आदर्श दलाई,तरणजीत सिंह,एस नीला, जस्टिन भवानी, पुरुषोत्तम दास, लोकेश नंदा,हर्ष शर्मा, बालों बघेल, देवकी भद्र, श्याम कुमारी ध्रुव आदि मौजूद रहे।

■ केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी



**भ्रष्टाचार केवल कांग्रेस में दिखता है**

ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि भ्रष्टाचार की जांच हो रही है, तो क्या भ्रष्टाचार केवल कांग्रेस में ही दिखता है। भाजपा नेताओं पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती। उन्होंने इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए कहा कि भाजपा, भूपेश बघेल की लोकप्रियता से डरी हुई है, इसलिए बदले की कार्रवाई कर रही है। लेकिन कांग्रेस इसका डटकर विरोध करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगी।

# नवोदय में चयनित छात्र के सम्मान में मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के शिक्षा जगत में 2025 के लिए, जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित 19 मेधावी छात्रों के सम्मान में एक सफलता संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और उपलब्धि को प्रतिष्ठित करने के लिए था, बल्कि समाज को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने का एक मजबूत प्रयास भी था। जनपद पंचायत कार्यालय के समक्ष रैली के पहुंचते ही भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिरो कोमरे व जनपद सदस्य और भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष सविता कोमरे ने समस्त बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन व स्वागत करते हुए रैली में सम्मिलित हुए। रैली में रंग-गुलाल उड़ाकर और मिठाई बांटकर लोगों ने होनहार बच्चों की उपलब्धि का जश्न मनाया। यह दृश्य किसी पर्व-त्योहार से कम नहीं था। रैली पूरी उत्साह व उमंग के साथ शकुंतला नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के आवास पहुंची। यहां नवनिर्वाचित वार्ड पंच फूलकुंवर दुर्गे, करिश्मा दुग्गा, सावित्री बघेल, तामेश्वरी जैन, मंजू दुग्गा, ओम दुग्गा, कविता टेकाम, सरोज दुग्गा, संजय उसेंडी, प्रतिमा यादव, उतरा वारे, सतीश मंडावी, अश्वनतीन मंडावी, गीता दुग्गा, पिंकी नरेटी, राहुल नरेटी, रामधन ठाकुर, शोभा श्रीवास्तव, श्यामलाल दुग्गा ने मेधावी विद्यार्थियों के स्वागत व उज्ज्वल भविष्य के लिए आरती कर तिलक वंदन के साथ मिठाई वितरण किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## निगम के पीएचई दस्ता ने किया वीर सावरकर वार्ड से टुल्लू पम्प जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगर पालिका निगम के तहत आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा के निर्देश पर निगम पीएचई विभाग के द्वारा शहर के वीर सावरकर वार्ड में टुल्लू पंप जप्ती की कार्रवाई किया गया। गर्मी में वार्ड में जनता को पेयजल आपूर्ति में समस्या न हो, वार्ड में टुल्लू पंप के कारण पेयजल आपूर्ति कम होने की शिकायत मिलने पर आयुक्त के निर्देश पर पीएचई विभाग द्वारा वीर सावरकर वार्ड में चार घरो से टुल्लू पंप पर पानी लेते पाये जाने पर उक्त घरो से टुल्लू पंप जप्ती की कार्रवाई किया गया। आयुक्त वर्मा ने बताया आगामी गर्मी में शहर की जनता को पेयजल की समस्या ना हो उसके लिए अवैध रूप से टुल्लू पंप चलाने वाले पर कार्रवाई करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411